**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,**
**उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),**
मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001
E-mail :- ce_kk_upjn.ra1@yahoo.com

पत्रांक : 1511 / M-20 / 94 दिनांक 15/07/26

सेवा में,
अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ

विषय :– <u>दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली में "निजी स्कूल बस गड्ढे में फँसी : जल जीवन मिशन के गड्ढे में फँसी, चालक की सूझबूझ से बच्चे सुरक्षित" के सम्बन्ध में</u>।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, के डिजिटल प्लेटफार्म दिनांक 16.07.2026 के पेपर में प्रकाशित "निजी स्कूल बस गड्ढे में फँसी : जल जीवन मिशन के गड्ढे में फँसी, चालक की सूझबूझ से बच्चे सुरक्षित" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् हैः–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली में एक बड़ा हादसा टल गया जब एक निजी स्कूल की मिनी बस जल जीवन मिशन के लिए खोदे गए गड्ढे में फंस गई। बस में एक दर्जन से अधिक छात्र सवार थे। चालक की सूझबूझ से बस पलटने से बच गई और सभी बच्चे सुरक्षित रहे।<br>यह घटना सरेनी थाना क्षेत्र के काल्हीगांव में हुई। बस जल जीवन मिशन की पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए एक गहरे गड्ढे में जा फंसी। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर खुले छोड़े गए ये गड्ढे हादसों का कारण बन रहे हैं।<br>इस घटना ने एक बार फिर जल जीवन मिशन के कार्यों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जगह–जगह सड़कें खोदकर छोड़ देने से लोगों में भारी नाराजगी है। पहले से ही खराब सड़कें इन खुदाई के कारण और भी खतरनाक हो गई हैं।<br>खुले गड्ढे बच्चों और राहगीरों की जान के लिए खतरा बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यदि समय रहते इन गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई, तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार सड़क निर्माण को लेकर उप जिलाधिकारी समेत जिलाधिकारी तक प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी लेकिन आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। | पार्श्वकित विवरण के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 13.07.2026 को काल्हीगाँव पेयजल योजनान्तर्गत लीकेज मरम्मत उद्देश्य से खुदाई की गई थी एवं मरम्मत उपरान्त रोड मोटरेबल कर दी गई थी। प्रकरणगत स्थल पर जल–निकासी की उचित प्रबन्ध न होने व वर्षा के कारण जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई एवं स्कूल वैन के पहिये फसने की घटना घटित हुई। घटना का तुरन्त संज्ञान लेते हुए जल निगम व कार्यदायी फर्म मेसर्स एन०सी०सी० के प्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुँचकर गड्ढे को पुनः GSB डालकर पुर्नस्थापित करा लिया गया।<br><br> |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपराक्तानुसार।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदया, रायबरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, रायबरेली।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
4. जिला सूचना अधिकारी, रायबरेली

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner